भारत सरकार
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या - 1606
उत्तर देने की तारीख – 09/12/2025

पश्चिम बंगाल में दिशा-सह-विकास योजना

1606. श्री ज्योतिर्मय सिंह महतो

क्या सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पश्चिम बंगाल में गत पाँच वर्षों के दौरान दिशा-सह-विकास योजना (डे केयर) के अंतर्गत लाभान्वित गैर सरकारी संगठनों की सूची क्या है;
(ख) इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक गैर सरकारी संगठन में सहायता प्राप्त लाभार्थियों की वर्षवार संख्या कितनी है;
(ग) गत पाँच वर्षों के दौरान इस योजना के अंतर्गत पश्चिम बंगाल में प्रत्येक गैर सरकारी संगठन को कुल कितनी धनराशि आवंटित एवं वितरित की गई हैं; और
(घ) निधियों के प्रभावी उपयोग की निगरानी करने एवं योजना के उद्देश्यों को पश्चिम बंगाल में पूर्ण करने के लिए उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री
(श्री बी.एल. वर्मा)

(क): दिशा-सह-विकास योजना (दिवसीय देखभाल) योजना के तहत पिछले पाँच वर्षों के दौरान लाभान्वित गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) की सूची **अनुबंध-I** पर दी गई है।

(ख): इस योजना के तहत प्रत्येक गैर-सरकारी संगठन में लाभार्थियों की वर्ष-वार संख्या **अनुबंध-II** पर दी गई है।

(ग): पिछले पाँच वर्षों के दौरान इस योजना के तहत पश्चिम बंगाल में प्रत्येक गैर-सरकारी संगठन को आवंटित और वितरित की गई कुल धनराशि **अनुबंध-III** पर दी गई है।

(घ): योजनाओं के तहत परियोजना धारकों द्वारा लाभार्थियों की संख्या आदि का विवरण देते हुए ऑनलाइन प्रस्ताव प्रस्तुत करने के आधार पर मासिक रूप से निधियां जारी की जाती हैं। योजना के केंद्रों का निरीक्षण दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के तहत राज्य/जिला अधिकारियों, केंद्रीय परियोजना निगरानी समिति (सीपीएमयू) सलाहकारों जैसे प्राधिकारियों, राष्ट्रीय संस्थानों (एनआई) और समेकित क्षेत्रीय केंद्रों (सीआरसी) के माध्यम से नियमित रूप से किया जाता है। राष्ट्रीय न्यास (नेशनल ट्रस्ट) बोर्ड अपनी तिमाही बैठकों में योजना के कार्यान्वयन की निगरानी करता है।

अनुबंध- I

क्रम संख्या	संगठन का नाम	जिला	पता
1	दँतन मानव कल्याण केंद्र	पश्चिम मेदिनीपुर	ग्राम-कृष्णपुर, डाकघर- दँतन, थाना- दँतन, जिला-पश्चिम मेदिनीपुर, पिन-721426
2	झांझा उन्नयन समिति	मुर्शिदाबाद	पत्राचार कार्यालय- ग्राम- चोआ (तमालतला), डाकघर-चोआ, थाना-हरिहरपारा, जिला-मुर्शिदाबाद, राज्य-पश्चिम बंगाल, पिन संख्या-742166
3	कल्याणी लाइफ इंस्टीट्यूट	कल्याणी	बी-3 खेल के मैदान के सामने, नंबर 3, नौ बाजार के पास, कल्याणी, पश्चिम बंगाल 741235
4	मालदा कृष्णपल्ली जन जागरण सोसाइटी	मालदा	ओल्ड मालदा रोड, बाघाजतिन पार्क, डाकघर-मंगल बाड़ी, जिला-मालदा, पिन-732142
5	प्रतिबन्धी सहायक समिति	मेदिनीपुर	डाकघर- पांशकुड़ा, थाना-पांशकुड़ा, जिला-पूर्वी मेदिनीपुर, राज्य-पश्चिम बंगाल, पिन-721139

अनुबंध-II

क्रम संख्या	गैर-सरकारी संगठन का नाम	जिला	लाभार्थी					
			2020-21	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25	2025-26
1	दँतन मानव कल्याण केंद्र	पश्चिम मेदिनीपुर	30	30	30	30	30	30
2	झांझा उन्नयन समिति	मुर्शिदाबाद	30	30	30	30	30	30
3	कल्याणी लाइफ इंस्टीट्यूट	नादिया	30	30	30	30	30	30
4	मालदा कृष्णपल्ली जन जागरण सोसाइटी	मालदा	30	30	30	30	30	30
5	प्रतिबन्धी सहायक समिति	पूर्वी मेदिनीपुर	30	30	30	30	30	30

अनुबंध-III

(करोड़ रूपये में)

क्रम संख्या	**गैर-सरकारी संगठन का नाम**	**जिला**	**पिछले पाँच वर्षों के दौरान आवंटित और वितरित कि गई निधियां**
1	दँतन मानव कल्याण केंद्र	पश्चिम मेदिनीपुर	0.92
2	झांझा उन्नयन समिति	मुर्शिदाबाद	0.72
3	कल्याणी लाइफ इंस्टीट्यूट	नादिया	0.84
4	मालदा कृष्णपल्ली जन जागरण सोसाइटी	मालदा	0.91
5	प्रतिबन्धी सहायक समिति	पूर्वी मेदिनीपुर	0.92

*****